

राजधानी में रविवार को तेज बारिश के बीच गणेश प्रतिमाओं की खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़, बप्पा की आकर्षक प्रतिमाएं बनीं श्रद्धालुओं की पसंद।

# स्पा सेंटर में चल रहा था देह व्यापार पुलिस ने चार आरोपी पकड़े

**ग्राहक बनकर पहुंची पुलिस ने की कार्रवाई, पांच कमरों में युवक-युवतियां आपत्तिजनक स्थिति में मिले**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पिपलानी थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी स्थित पिंक वाइब्स स्पा सेंटर में पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने शनिवार रात कार्रवाई की और रविवार को मामले का खुलासा किया। मौके से 8,800 रुपये नकद, मोबाइल फोन और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई।अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त शैलेंद्र सिंह चौहान के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि स्पा सेंटर में अनैतिक देह व्यापार संचालित किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस ने एक व्यक्ति को ग्राहक बनाकर सेंटर भेजा। गतिविधियों की पुष्टि होने के बाद टीम ने दबिश देकर तलाशी ली। स्पा सेंटर में कुल नौ कमरे थे, जिनमें से पांच कमरों में युवक-युवतियां आपत्तिजनक परिस्थितियों में मिले। महिला पुलिसकर्मियों की मदद से वहां मौजूद महिलाओं से पूछताछ की गई। मौके से मिले साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने देह व्यापार संचालित होने की पुष्टि की। जांच में सामने आया कि कमाई में आरोपियों को अलग-अलग प्रतिशत में कमीशन मिलता था। भुवन सिंह चंदेल को 20, दीपक ठाकुर को 10, पंकज त्रिपाठी को 15 और देवीसिंह रजक को पांच प्रतिशत कमीशन मिलता था। चारों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम की धारा 3, 4 और 5 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## 120 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

**नप्र, भोपाल :** उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक चिकित्सालय के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बस्ती के 120 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। चिकित्सकों ने सामान्य जांच के साथ रक्तचाप और रक्त शुगर की जांच की। जरूरत के अनुसार लोगों को चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। शिविर के आयोजन से पहले एनएसएस स्वयंसेवकों ने बस्ती के 180 लोगों का स्वास्थ्य संबंधी सर्वे किया था।

## नाले किनारे गुमटियां रखने की शिकायत, ग्रीन बेल्ट में भराव का आरोप

**▶▶ पांच नंबर स्टॉप क्षेत्र में आवासीय इलाके में व्यावसायिक गतिविधियों पर उठाए सवाल**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** शहर के पांच नंबर स्टॉप क्षेत्र में मुख्य नाले के आसपास गुमटियां रखने और आवासीय क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित होने की शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता राशिद नूर ने कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को वीडियो और फोटो के साथ शिकायत भेजी है। शिकायत में बताया गया है कि हाउसिंग बोर्ड द्वारा क्षेत्र में पुनर्विकास का कार्य कराया जा रहा है। विस्थापित दुकानदारों को पहले ही पांच नंबर बस स्टॉप और अन्य निर्धारित स्थानों पर अस्थायी रूप से शिफ्ट किया जा चुका है। इसके बावजूद मुख्य सड़क लिंक रोड नंबर-2 पर कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से रातोंरात पोकलेन और जेसीबी मशीनों से मुख्य नाले और ग्रीन बेल्ट की जमीन पर भराव किए जाने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि नाले के किनारे गुमटियां रखे जाने से जलभराव का खतरा बढ़ सकता है।

भोपाल में वर्तमान में लागू मास्टर प्लान 2005 के अनुसार नाले की सीमा से नौ मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का भराव या निर्माण प्रतिबंधित है। उन्होंने प्रतिबंधित क्षेत्र और ग्रीन बेल्ट की सीमा का तत्काल सीमांकन कराने की मांग की है। शिकायत में क्षेत्र में हो रही गतिविधियों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई है।

# सिंधी समाज में फीनिक्स पक्षी की तरह दोबारा खड़े होने की क्षमताः डॉ. यादव

**राजा दाहिर, संत कंवरराम और शहीद हेमू कालानी की जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल कर सरकार ने निभाया वादा**



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कठिनाइयों और संघर्ष के बावजूद अपनी पहचान और गौरव बनाए रखने वाला सिंधी समाज प्रशंसनीय है। समाज ने विभाजन की विभीषिका झेली और जन्मभूमि, घर तथा कारोबार छोड़ना पड़ा, लेकिन उसके धर्म और संस्कार नहीं छूटे। उन्होंने कहा कि चुनौतियों को अवसर में बदलकर आगे बढ़ने वाले सिंधी समाज पर सभी को गर्व है।

मुख्यमंत्री सिंधु भवन में आयोजित प्रादेशिक सिंधी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज में फीनिक्स पक्षी की तरह दोबारा खड़े होने की क्षमता है। समाज के महापुरुषों राजा दाहिर, संत कंवरराम और शहीद हेमू कालानी की जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल कर राज्य सरकार ने अपना वादा निभाया है।

उन्होंने कहा कि सिंधी समाज व्यापारिक कुशलता के साथ समाजसेवा, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। राज्य सरकार सिंधी समाज के अधिकारों के संरक्षण तथा सिंधी भाषा और संस्कृति के संवर्धन के लिए सदैव तत्पर है। भोपाल के मास्टर प्लान के संबंध में उन्होंने कहा कि सरकार व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए सजग है और बेहतर समाधान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से प्रदेश में सेवा से संकल्प अभियान शुरू होगा। प्रदेश में 50 लाख लोगों की निशुल्क रजिस्ट्री का कार्य किया जा रहा है। इसकी स्टांप शुल्क राशि राज्य सरकार वहन करेगी, जो करीब पांच हजार करोड़ रुपये होगी। पहले ग्रामीण आबादी को संपत्ति के दस्तावेज दिए जाएंगे, इसके बाद शहरी क्षेत्र के भूखंडों की रजिस्ट्री होगी।

उन्होंने कहा कि कानून से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। बालाघाट नक्सल मुक्त हो चुका है। सागर शराब कांड में आरोपितों पर कठोर कार्रवाई की जा रही है। कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, विधायक भगवानदास सबनानी, राजेंद्र मनवानी और ईश्वर झामनानी मौजूद रहे।

## वराह जयंती पर मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान विष्णु के तृतीय अवतार भगवान वराह की जयंती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान वराह का अवतार धरा की रक्षा, धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने प्रार्थना की कि उनकी कृपा से धरती सुरक्षित, जीवन मंगलमय और समाज में धर्म व सद्भाव की भावना सुदृढ़ हो।

## सत्यवती मिश्रा के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया दुख

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र की धर्मपत्नी सत्यवती मिश्रा के निधन पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजन को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## सड़क हादसे में घायल डीएसपी शिवकुमार श्रीवास्तव का निधन



**नप्र, भोपाल :** राजधानी में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल डीएसपी शिवकुमार श्रीवास्तव का रविवार को उपचार के दौरान निधन हो गया। 11 सितंबर को हुए हादसे में उन्हें एक भारी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद गंभीर हालत में उन्हें नर्मदा ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान रविवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। डीएसपी शिवकुमार श्रीवास्तव सुरक्षा वाहिनी, श्यामला हिल्स में पीएसओ पाठ्यक्रम के पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में पदस्थ थे। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी थी। पुलिस भारी वाहन की टक्कर से हुए हादसे के कारणों और वाहन चालक की भूमिका की जांच कर रही है। हादसे के बाद से पुलिस मामले से जुड़े तथ्यों की पड़ताल में जुटी हुई थी।

# विधायक पाठक से 1.49 करोड़ की साइबर ठगी का मास्टरमाइंड मुंबई से गिरफ्तार

**▶▶ फर्जी कंपनी के बैंक खाते में पहुंची थी ठगी की 1.16 करोड़ रुपये की राशि**

**▶▶ मामले में अब तक 10 आरोपी पकड़े गए**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक से 1 करोड़ 49 लाख 60 हजार रुपये की साइबर ठगी के मामले में कटनी पुलिस ने कथित मास्टरमाइंड मियम शेट्टी को मुंबई से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने ठगी की रकम के लिए फर्जी फर्म स्काईलूम स्पार्क प्राइवेट लिमिटेड के नाम से बैंक खाता खुलवाया था।

पुलिस के मुताबिक साइबर ठगी से हासिल की गई राशि में से 1 करोड़ 16 लाख रुपये इसी बैंक खाते में स्थानांतरित किए गए थे।



जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी की भूमिका सामने आने के बाद उसे मुंबई से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार इस मामले में अब तक कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है। मामले में पुलिस द्वारा साइबर ठगी से जुड़े आरोपियों और लेनदेन की जानकारी के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

## जतीन्द्रनाथ की पुण्यतिथि पर नमन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमर क्रांतिकारी जतीन्द्रनाथ दास की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि लाहौर जेल में स्वतंत्रता सेनानियों के साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार के विरोध में जतीन्द्रनाथ दास ने 63 दिन तक अनशन कर अदम्य साहस का परिचय दिया। 25 वर्ष की आयु में उनका बलिदान स्वतंत्रता संग्राम में त्याग और राष्ट्रभक्ति की अमिट मिसाल है।





# मिस एंड मिसेज एमपी के ऑडिशन में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मिस एंड मिसेज मध्य प्रदेश सीजन-4 के ऑडिशन का आयोजन हयात पैलेस, भोपाल में किया गया। द पेजेंट इंडिया कंपनी की ओर से आयोजित ऑडिशन में करीब 50 महिलाओं ने प्रतिभा और व्यक्तित्व का प्रदर्शन किया। अविवाहित युवतियों के साथ विवाहित महिलाओं ने भी आत्मविश्वास से हिस्सा लिया।

चयन प्रक्रिया चार राउंड में हुई, जिसमें इंट्रोडक्शन, क्वेश्चन-आंसर, रैम्प वॉक और टैलेंट राउंड शामिल रहे। प्रतिभागियों का मूल्यांकन व्यक्तित्व, संवाद कौशल, आत्मविश्वास, रैम्प वॉक और प्रतिभा के आधार पर किया गया। चयनित प्रतिभागियों को मुख्य प्रतियोगिता में मंच मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरिओम जाटिया उपस्थित रहे। ज्यूरी में अनामिका सिंह, हेमानी सिंह, यशस्वी अग्रवाल, डॉ. जाग्रति अग्रवाल सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। कंपनी की डायरेक्टर फरहा अनवर ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को अपनी पहचान बनाने और आगे बढ़ने का अवसर देते हैं।

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की एशिया कप जीत पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी बधाई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को एएचएफ जूनियर एशिया कप-2026 जीतने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने हॉकी के मैदान में शानदार प्रदर्शन कर एक बार फिर देश का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने चीन में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। युवा खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन, बेहतर तालमेल और आत्मविश्वास के साथ जीत हासिल कर देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने खिलाड़ियों की सफलता को गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय टीम की यह जीत देश के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज स्थापित होगी गणेश प्रतिमा

**▶▶ पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी विधि-विधान से करेंगे भगवान श्री गणेश का पूजन-अर्चन**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में गणेश चतुर्थी के अवसर पर 14 सितंबर को भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह आयोजन विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी किया जा रहा है।

भगवान श्री गणेश की प्रतिमा की स्थापना के लिए सोमवार को दोपहर 3.30 बजे विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल सहित प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। पूजन-अर्चन के बाद भगवान श्री गणेश की प्रतिमा की स्थापना की जाएगी।

## गणेश चतुर्थी पर हेमंत खण्डेलवाल ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी के सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की। खण्डेलवाल ने कहा कि गणेश चतुर्थी सामाजिक एकता, सौहार्द और लोक संस्कृति के संवर्धन का पर्व है। भगवान श्री गणेश की आराधना से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, सद्बुद्धि और नई आशा का संचार होता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से पर्व को श्रद्धा, उल्लास और आपसी सद्भाव के साथ मनाने का आह्वान किया।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग विदिशा

**दूरभाष नं. कार्या 07592-232531 ई मेल-ceresvidisha@mp.gov.in**

**क्र. 2563/व.ले.लि./ग्रा.यां. सेवा /2026** **विदिशा, दिनांक 10/09/26**

### संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति क्रमांक-08/2026-27

संभाग अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट : https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| क्र. | टेंडर नं. | कार्य का नाम | निविदा लागत (पी.ए.सी.) रु. लाख में | अमानत राशि (राशि रू. लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रु. लाख में) | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | आमंत्रण क्र. | दर अनुसूची का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_RES_535250_1 | नवीन दुकानों का निर्माण कार्य जिला पंचायत परिसर विदिशा | 12.02 | 0.2410 | 0.02 | 120 दिवस | तृतीय | ग्रायासे. की दि.11.4.2022 से प्रभावशील एवं निविदा प्रकाशन दिनांक तक अद्यतन संशोधित से लागू दर अनुसूची |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट), वेबसाईट https://mptenders. gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें। ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय प्रारंभ करने की तिथि 17.09.2026 समय 18:00 बजे है। निविदा (बिड) प्रपत्र प्रस्तुत करने का अंतिम दिनांक 01.10.2026 समय 18:00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेब साईट पर देखी जा सकती है। संशोधन संबंधी सूचनाऐं केवल बेवसाईट पर दी जावेगी, पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**NOTE:-** "Bidders are required to offer their bids exclusive of applicable GST. The GST shall be paid by the Government to the contractor seperately"

**कार्यपालन यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, विदिशा**

**जी-18505/26**



## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल राजगढ़

### निविदा सूचना

**क्रमांक/लेखा/ 1152** **राजगढ़, दिनांक. 09.09.26**

सामान्य वन मण्डल राजगढ़ के अंतर्गत उपवनमंडल निवास भवन निर्माण कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में वनमण्डल राजगढ़ में विभागीय कार्यों हेतु भवन निर्माण बावत् ई-निविदा प्रक्रिया अनुसार ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. समिति निविदा संबंधित अन्य विस्तृत विवरण वेबसाइट पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर देखे जा सकते है। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं पोर्टल फीस की राशि क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/कैश कार्ड/या इन्टरनेट बैंकिग सिस्टम के माध्यम से उल्लेखित वेबसाइट पर भुगतान कर निविदा प्रपत्र दिनांक 10.09.2026 को दोपहर 12:00 बजे से दिनांक 30.09.2026 को शाम वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| ऑनलाईन निविदा प्रारंभ दिनांक एवं समय | ऑनलाईन निविदा करने का अंतिम दिनांक एवं समय | ऑनलाईन निविदा खोलने का दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 10.09.2026 को 12:00 बजे से | 30.09.2026 को शाम 05:00 बजे तक | 01.10.2026 को शाम 06:00 बजे से/वनमंडल कार्यालय राजगढ़ |

3. निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित न करते हुए केवल उल्लेखित वेबसाइट पर ही सूचित किया जायेगा। 4. अन्य संबंधित जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के लेखा शाखा से किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

**वनमण्डलाधिकारी**
**सामान्य वनमण्डल राजगढ़**

**जी-18529/26**